# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकःगोप/प्रयो0 -1103
दिनांकः 05.07.2021

## प्रेस विज्ञप्ति

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक,(लॉ कालेज)
राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित संस्थान/
महाविद्यालय/विश्वविद्यालय परिसर
सम्बद्ध चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।

विषयः विधि संकाय की विषम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर 2020 (बी0ए0–एल0एल0बी0, एल0एल0बी0, एल0एल0एम0) की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा ऑन लाईन कराये जाने के सम्बन्ध में।

विश्वविद्यालय के विधि संकाय की विषम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा दिसम्बर 2020 (एल0एलबी0–तृतीय एवं पंचम, एल0एलएम0–तृतीय, तथा बी0ए0एलएलबी0–प्रथम, तृतीय, पंचम, सप्तम एवं नवम् सेमेस्टर) की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षायें मा0 कुलपति जी के आदेशों के अनुपालन में ऑन–लाईन कराई जानी है।

इस सम्बन्ध में मुझे आपसे अनुरोध करने का निदेश हुआ है कि जिन छात्र/छात्राओं की उक्त प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षायें सम्बन्धित महाविद्यालयों द्वारा अभी तक आयोजित नहीं कराई गई है उन छात्र/छात्राओं की उक्त प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षाये निम्नलिखित दिशा–निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये सम्पन्न कराई जायेगीः–

1. प्रयोगात्मक/मौखिक हेतु संस्थान द्वारा प्रोजेक्ट फाईल परीक्षकों को प्रत्यक्ष रूप से अथवा ई–मेल के माध्यम से उपलब्ध करानी होगी।
2. परीक्षा के समय संस्थान को यह सुनिश्चित करना होगा कि एक बार में एक ही परीक्षार्थी ऑनलाईन हो।
3. परीक्षा प्रारम्भ से अंत तक सभी प्रकार के कार्य (जैसे–लिंक जनरेट करना, उपस्थिति व परीक्षाकाल में अनुशासन) महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा करने होगे।
4. परीक्षा का संचालन परीक्षक द्वारा अपने स्थान/महाविद्यालय से किया जायेगा।
5. ऑनलाईन परीक्षा कराये जाने की दशा में प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड करने से पूर्व बाह्य एवं आंतरिक परीक्षकों द्वारा हस्ताक्षर करने अनिवार्य है।

अतः अनुरोध है कि कृपया विधि संकाय की विषम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर–2020 की उक्त प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा ऑनलाईन सम्पन्न कराकर अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड करते हुए अंकपर्णों की दो प्रतियॉं (कुलसचिव प्रति एवं टेबुलेटर प्रति) गोपनीय विभाग की खिड़की संख्या 40 पर उपलब्ध कराये जाने का कष्ट करें।

भवदीय,
05.7.2021
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. सचिव, प्रति कुलपति को प्रति कुलपति महोदया जी के संज्ञानार्थ।
3. वयैक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
4. संकायाध्यक्ष विधि, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
5. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता/सहायक प्रेस प्रवक्ता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. प्रभारी वैबसाइट को, विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
7. प्रभारी कम्प्यूटर सैल/परीक्षा परिणाम सैल, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
8. आउट सोर्स कम्पनी (मासकोट सोफ्टवैब सोलुसन प्राईवेट लिमटिड), को इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा वैब साईट पर विधि संकाय की विषम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर 2020 की प्रयोगात्मक/मौखिकी परीक्षा के अंक ऑनलाईन अपलोड करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

सहा0कुलसचिव(गोपनीय)